दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

बर्षः- 04
अंकः- 346
मुरादाबाद
11 April 2025
(Friday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पूरे प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि, सीएम ने दिए जिलाधिकारियों को भ्रमण और सर्वे के निर्देश

गुरुवार को पूरे प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का प्रकोप रहा। लखनऊ सहित कई जिलों में भारी बारिश हुई। सीएम ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश,ओलावृष्टि के दृष्टिगत संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें।आकाशीय बिजली, आंधी





तूफान,बारिश, वज्रपात आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि वर्तमान में गतिमान गेहूं की सरकारी खरीद के दृष्टिगत मंडियों सहित सभी खरीद केंद्रों पर गेहूं के सुरक्षित भंडारण का पूरा ध्यान रखा जाए। अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।सीतापुर जिले में दो की मौत सीतापुर जिले में खराब मौसम ने दो जिंदगियां ले ली। खेत में काम कर रहे एक किसान पर बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं, एक महिला की भी दीवार गिरने से मौत हो गई। बिसवां के ग्राम पंचायत जनुवा के मजरा मोचखुर्द मे आकाशीय बिजली गिरने से किसान हरिश चंद्र भार्गव (23) की मौत हो गई। हरिश्चंद्र कुल तीन भाई थे। मृतक के बड़े भाई की शादी हो चुकी है। हरिश्चंद भार्गव की अभी शादी नही हुई थी। वह बृहस्पतिवार सुबह खेत में गन्ना छीलने गए थे तभी आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। गेहूं कटाई कर लौट रही महिला पर गिरी पक्की दीवार, मौत-जिले के सकरन में खेत से वापस आ रही महिला पर पक्की दीवार गिर गई जिसके नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। रसूलपुर हरदोपट्टी गांव निवासी कुसुमा देवी (55) पत्नी जुगराज बृहस्पतिवार सुबह खेत में गेहूं की फसल की कटाई करने गई थी। सुबह 9.30 बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। कुसुमा देवी खेत से अपने घर जाने लगी। गांव में नागेन्द्र के घर के पास पहुंचते ही नागेन्द्र की पक्की दीवार भरभरा कर कुसुमा देवी के ऊपर गिर गई जिसके नीचे कुसुमा देवी दब गई। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचें ग्रामीणों ने मलबा हटा कर कुसुमा देवी को किसी तरह बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस व राजस्व विभाग को दे दी गई है।लखनऊ में सुबह हुई भारी बारिश राजधानी में बृहस्पतिवार को सुबह होते ही, घने काले बादलों और झोंकेदार हवाओं संग जमकर बरसात शुरू हुई। घने बादलों की मौजूदगी से दिन में ही अंधेरा छा गया। बारिश और हवाओं की वजह से तापमान गिरने से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को राहत महसूस हुई।वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से लखनऊ में पूर्वा और पछुआ हवाओं के समागम होने की वजह से यह आंधी और बरसात देखने को मिली है। लखनऊ में सुबह 8-30 बजे तक 7 मिमी. बारिश दर्ज की गई। जबकि एयरपोर्ट के इलाके में यह 2 मिमी. रिकॉर्ड की गई। लखनऊ व आसपास के जिलों बाराबंकी, रायबरेली,सीतापुर आदि में भी अच्छी बारिश देखने को मिली।

## बाबा रामदेव और भाजपा सरकार के बारे में , बोल गए भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत



भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत बृहस्पतिवार को दोघट कस्बा पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि गेंहू कटाई, गन्ना कटाई, गन्ना बुआई के साथ किसानों के सामने सरकार से अपनी जमीन बचाने की लड़ाई है। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि भाजपा सरकार मंदिर और श्मशान घाट की भूमि पर कब्जा करा रही है। योग गुरू बाबा रामदेव के शर्बत जिहाद वाले बयान पर कहा कि बाबा होकर राजनीतिक भाषा बोलने से बचना चाहिए। चौधरी राकेश टिकैत बृहस्पतिवार को दोघट कस्बे में राजेंद्र चौधरी के आवास पर पहुंचे। पत्रकारों को वार्ता के दौरान टिकैत ने कहा कि सरकार मंदिर, श्मशान घाट एवं पट्टे आदि की भूमि पर कब्जा करा रही है। हाईवे में जा रही किसानों की भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है, उन्हे मुआवजा नहीं दिया जा रहा। सरकार को हाईवे में गई भूमि का मुआवजा देना होगा, वरना आंदोलन शुरू होगा।कहा कि किसानों को इस समय चार लड़ाई लड़नी पड़ रही हैं। खेत में गेंहू कटाई, गन्ना कटाई, गन्ना बुआई के साथ सरकार से अपनी जमीन बचाने की लड़ाई है। योग गुरू बाबा रामदेव के शर्बत जिहाद वाले बयान पर बोले कि स्वामी होकर राजनीतिक भाषा न बोलें, सरकार का पता नहीं कब बदल जायेगी। वक्फ बिल के सवाल पर कहा कि वो अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, हम किसानों की भूमि बचाने की अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। इसके बाद राकेश टिकैत बामनौली, थल, कासिमपुर खेड़ी आदि स्थानों पर कार्यक्रमों में पहुंचे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुलदीप तोमर, राजेंद्र चौधरी, गजेंद्र चौधरी, यशपाल सिंह, राजीव कुमार, रामकुमार सिंह, बिजेंद्र प्रधान, कृष्णपाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज ठाकरे की बैंकों को चेतावनी- मराठी भाषा का इस्तेमाल करें, नहीं तो मनसे आंदोलन तेज करेगी

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अध्यक्ष राज ठाकरे ने भारतीय बैंक संघ को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि वह बैंकों को आरबीआई मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाओं में मराठी भाषा का उपयोग करने का निर्देश दें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो मनसे आंदोलन तेज करेगी।महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने बैंकों को चेतावनी दी है कि वह आरबीआई मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाओं में मराठी भाषा का उपयोग करें, अन्यथा उनकी पार्टी अपना आंदोलन तेज करेगी। इस संबंध में ठाकरे ने भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को पत्र लिखकर बैंकों को मराठी भाषा का उपयोग करने के लिए निर्देश देने को कहा है। राज ठाकरे का पत्र बुधवार को मनसे नेताओं ने भारतीय बैंक संघ को सौंपा, जिसमें कहा गया है कि यदि बैंक अपनी सेवाओं में तीन भाषा फार्मूले- अंग्रेजी, हिंदी और स्थानीय भाषा (महाराष्ट्र के मामले में मराठी) का पालन नहीं करते हैं, तो कानून-व्यवस्था के लिए बैंक स्वयं जिम्मेदार होंगे। राज ठाकरे ने ढ्ढक्क को लिखे पत्र में कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों में क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग को लेकर एक परिपत्र जारी किया है। इसके अनुसार, बैंकों में लगे बोर्ड तीन भाषाओं में होने चाहिए- हिंदी, अंग्रेजी और उस राज्य की क्षेत्रीय भाषा।

## भारत लाया गया तहव्वुर राणा, फांसी या कारागार कितनी सजा पाएगा 26/11 हमले का मुख्य साजिशकर्ता?

मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया जा चुका है। एनआईए की विशेष अदालत में उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। वहीं दोषी पाए जाने पर उसे फांसी या कितनी सजा मिलेगी?तहव्वुर राणा मुंबई हमले 26/11 का आरोपी है। इस हमले में 166 लोगों की मौत हुई थी। अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद उसे भारत लाया जा चुका है और दिल्ली की अदालत में उस पर मुकदमा चलाया जाएगा। अगर अदालती सुनवाई में उसे 166 लोगों की हत्या में शामिल होना पाया जाता है तो इसके बाद क्या उसे अजमल कसाब की तरह फांसी की सजा दी जा सकेगी या उसे आजीवन कारावास भी दिया जा सकता है, यानी अपनी अंतिम सांस तक वह जेल के अंदर ही रहेगा।सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने अमर उजाला से कहा कि इस तरह के मामलों में देश प्रत्यर्पण संधि से बंधा होता है। उसे उन नियमों का पालन करना होता है जो समझौते के अंदर शामिल की



गई थी। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच 1997 में हुई प्रत्यर्पण संधि में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि किसी आपराधिक मामले में प्रत्यर्पण मांगने वाले देश में फांसी की सजा दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन प्रत्यर्पण देने वाले देश में फांसी की सजा देने का प्रावधान नहीं है तो ऐसे मामले में प्रत्यर्पण देने से इनकार किया जा सकता है। अश्विनी कुमार दुबे ने कहा कि ऐसे मामलों में प्रत्यर्पण होने पर अदालती सुनवाई में फांसी की सजा होने के बाद भी सरकारें अपने विशेषाधिकार का उपयोग करती हैं और फांसी के आदेश का पालन नहीं किया जाता। तहव्वुर राणा के मामले में ऐसा किया जा सकता है। हालांकि, दोनों देशों के बीच नियमों को लेकर कोई संशोधन होता है तो नई परिस्थितियों के अनुसार कदम उठाया जा सकता है। अमेरिका में क्या है प्रावधान- अमेरिका में बड़े आपराधिक मामलों या आतंकी हमलों में फांसी दिए जाने का कानूनी प्रावधान है। लेकिन यह वहां के राज्य दर राज्य अलग हो सकता है। अमेरिका के कुछ राज्य फांसी की सजा के खिलाफ हैं, लेकिन कुछ राज्यों में इसे कानूनी बनाया गया है। आतंक जैसी बड़ी घटनाओं के संदर्भ में वहां की फेडरल सरकार काम करती है और उसमें फांसी की सजा दिए जाने का प्रावधान है। हालांकि, फांसी की सजा दिए जाने के कानूनी प्रावधान के बाद भी अमेरिका में बहुत असाधारण मामलों में ही फांसी की सजा दी जाती है। यही कारण है कि गंभीर अपराधों में लिप्त होने के बाद भी कुछ अपराधी फांसी की सजा से बच निकलते हैं। तहव्वुर राणा को जिस मुंबई हमले के लिए रेकी करने का दोषी बताया जाता है, उसमें 6 अमेरिकी नागरिकों की भी हत्या हुई थी। अमेरिका अपने नागरिकों की हत्या को बहुत गंभीर अपराध के रूप में देखता है। हालांकि एक अमेरिकी अदालत में उसे मुंबई हमले के मामले में सबूतों के अभाव में बड़ी भी किया गया था।अदालती सुनवाई में नहीं होगा कोई व्यवधान- दिल्ली बार एसोसिएशन तहव्वुर राणा को अदालत से फांसी मिलेगी या नहीं, यह अलग मुद्दा है। लेकिन इसी बीच नई दिल्ली बार एसोसिएशन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि तहव्वुर राणा के मामले की सुनवाई के दौरान किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। तहव्वुर राणा अपने केस की सुनवाई के लिए वकील नियुक्त कर सकेगा। नई दिल्ली बार काउंसिल के सचिव अधिवक्ता तरुण राना ने कहा है कि यह मामला सामने आने के बाद एसोसिएशन की एक विशेष बैठक कर यह निर्णय लिया गया है कि राणा को कानूनी प्रक्रिया से गुजरते समय कोई व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा। इसका अर्थ है कि जिस तरह अजमल कसाब के मामले की सुनवाई अदालत की पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए की गई थी, उसी तरह तहव्वुर राणा को भी अदालत में न्याय पाने का अवसर दिया जाएगा।

## राहुल गांधी के स्मार्ट राजनीतिक गेम से भाजपा के सामने चुनौती, हिंदुत्व से टकराएगा समाजवाद-जातिवाद

गुजरात में 64 साल के बाद कांग्रेस के अधिवेशन में राहुल गांधी समेत दिग्गज कांग्रेस नेताओं ने भाजपा को आड़े हाथों लिया। कांग्रेस ने 12 पेज का प्रस्ताव भी पारित किया, जिसमें अलग-अलग मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास किया गया। सियासी गलियारों में कांग्रेस का यह अधिवेशन इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि राहुल ने समाजवाद और जातिवाद का मुद्दा लेकर राजनीतिक आंदोलन छेड़ने का प्रयास किया है। जातिगत जनगणना और आरक्षण के मुद्दे को भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति की काट के तौर पर भी देखा जा रहा है।दलित, ओबीसी, ईबीसी, अल्पसंख्यक कांग्रेस के वोट थे, लेकिन 90 के दशक से पार्टी से छिटकने लगे। 35 वर्ष बाद कांग्रेस को इनकी याद आई है। जातिगत गणना की मांग करने वाले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अहमदाबाद से इसका समग्र राजनीतिक आंदोलन छेड़ दिया है। कांग्रेस के नेता इसे पूर्व अध्यक्ष का स्मार्ट राजनीतिक गेम बता रहे हैं। देखना है कि भाजपा के हिन्दुत्व से टकराकर राहुल का यह समाजवाद, जातिवाद कैसे सफल होता है?कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने साफ कहा कि उनके



रुख में कोई बदलाव नहीं आने वाला। उन्होंने देश के 90 प्रतिशत लोगों के लिए खड़े होने की घोषणा कर दी। उन्होंने प्रधानमंत्री को सीधा मत्था टेकने वाला, कमजोर बताया और कांग्रेस के नेताओं को फिर बब्बर शेर की संज्ञा दे दी।कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हैं। दलित जाति से आते हैं। राहुल गांधी संविधान को बचाने की बात करते हैं। इसके पीछे वह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान और महात्मा गांधी, पटेल, नेहरू, कबीर, नानक आदि को आगे रखकर अपना पक्ष रख रहे हैं। वह इसके बहाने दलित, आदिवासी, ओबीसी, ईबीसी (आर्थिक रूप से कमजोर तबके) और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के ऐजेंडा को आगे बढ़ा रहे हैं। राहुल ने मंच से बंगाल, तमिलनाडु, केरल जैसे क्षेत्रीय राज्यों और भाषा के मुद्दे को भी हवा दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को उद्योगपतियों की सरकार कहना जारी रखा और बेरोजगारी, किसानों की दयनीय हालत को धार देना जारी रखा है। आरएसएस और भाजपा की नीतियों पर जमकर हमला बोला।2014 के चुनाव का नतीजा आने के बाद से कांग्रेस का ध्यान लगातार भाजपा के हिन्दुत्व के मुद्दे की काट ढूंढने पर रहा है। राहुल गांधी का मंदिर जाना, साफ्ट हिन्दुत्व का प्रयोग इसी का हिस्सा रहा। कांग्रेस ने पिछले दस सालों में कई प्रयोग किए, लेकिन उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में उसे रोशनी दिखाई दी। 2024 के लोकसभा चुनाव में उसका यह प्रयोग सफल रहा। समाजवादी पार्टी के साथ तालमेल में चुनाव लड़ी कांग्रेस ने संविधान बचाओ का नारा छेड़ा। पीडीए की लड़ाई को पार्टी ने आगे किया। नतीजे चौकाने वाले आए। उत्तर प्रदेश के पिछले दो चुनावों में भाजपा को जबरदस्त वोट और सीट मिली थीं।

## संपादकीय Editorial

### How is violence 'constitutional'?

The Supreme Court will hear the petitions filed against the Waqf Amendment Act on 15-16 April. There are 15 such petitions. Since the Waqf Bill has been passed by both the houses of the Parliament, President Draupadi Murmu has also signed it, hence the new Waqf Act has come into effect after the notification was issued. The debate continued till midnight in the Parliament, the MPs of the ruling and opposition parties presented their arguments and after division of votes, the Bill was passed. What can be a more effective democratic and constitutional process than this? This parliamentary process has been going on for seven decades and major decisions have been taken. Bills have been passed. Now a section of the opposition has termed the law 'unconstitutional' and challenged it in the Supreme Court, so it seems ridiculous and prejudiced. However, going to court is also the constitutional right of the opposition. Now the Supreme Court will review the new Waqf Act and give its verdict. Despite that, why are scenes of violence, fighting, hatred and arson being seen in some parts of the country? Copies of the Waqf Amendment Act were torn in the Jammu and Kashmir Assembly, MLAs scuffled fiercely, created a ruckus in the House. In Delhi's Jawaharlal Nehru University, student leaders of the Left parties and Congress tore the copies of the Waqf Bill into pieces and scattered them. They were also burnt. In Sambhal, Muzaffarnagar, Kanpur etc. areas of UP, those who supported the Waqf Amendment Bill or those who were raising slogans of 'Shukriya Bhaijaan Modi', waving banners, were beaten badly. In Muzaffarnagar, even an old man was not spared. In Manipur, even the house of a supporter of the bill was burnt. In Murshidabad, West Bengal, opponents of the Waqf Bill clashed with the police. There was a lot of violence and police vehicles were burnt. Big stones were seen at the scene of the incident, obviously there must have been stone pelting too! After all, what kind of democracy and what kind of constitutionalism is this! If something can be taken away from Muslims under the new Waqf law, fundamental rights can be violated, then the Supreme Court is there to seek justice. Such faces have already challenged the law in the apex court. Let the court do its work and wait for the decision. The Citizenship Amendment Bill was also passed in the Parliament. About 250 petitions were filed in the court on it. The matter is still pending. When 'Triple Talaq' was made a criminal law, 15 petitions were filed against it too. Even after the decision of the Constitution Bench on Ayodhya's 'Ram Temple', review petitions were filed. However, they were rejected. On Article 370, the Congress is still claiming that it is still a part of the Constitution. The Supreme Court has unanimously declared it 'valid', which was passed by the Parliament with a majority. Actually, the nature of a particular section is such that it has to oppose the parliamentary decisions of the Modi government. More or less, some marked faces of the opposition should have maintained the dignity and decision of the Parliament, because Owaisi, A. Raja, Mohammad Javed etc. are members of Lok Sabha. They have been part of the majority decision. Then the court challenge is nothing but mere politics. A lot has come to light on Wakf. There are about 8.72 lakh properties in 9.4 lakh acres of land under the Wakf Board. In Uttar Pradesh itself, the maximum illegal encroachments of 27 percent properties have been exposed. Such encroachments are 9-9 percent in Bengal-Punjab, 8 percent in Tamil Nadu, 7 percent in Karnataka, 6 percent in Kerala and 5-5 percent in Telangana-Gujarat. Is it not the constitutional responsibility of the governments to take action against them? The amended law has been amended.

# Democratic dignity is getting hurt, judiciary will have to come forward

What is the use of removing from the proceedings what SP's Ramji Lal Suman said about Rana Sanga in Parliament recently when the world is aware of it. The list of such cases is endless. Some measures have become necessary to control the current situation which is getting out of control. One measure is to ban the live telecast of parliamentary proceedings. Last year, 10 MLAs and eight Legislative Council members of Bharat Rashtra Samiti (BRS) led by K. Chandrasekhar Rao defected and joined the Congress. BRS requested the Telangana Assembly Speaker to terminate the membership of these MLAs. Due to the Speaker's procrastination on this, the matter reached the Supreme Court via the High Court. On which Chief Minister Revanth Reddy said that by saying this, by-elections will not be held in the constituencies of these members. In this case, the Supreme Court had to say that the Chief Minister has made a mockery of the anti-defection law. The court said, we have nothing to say on what decision the Speaker takes on this. However, the Speaker should take a decision within a reasonable time frame. If he does not comply with this request of the court, then we cannot sit powerless. Under Article 142 of the Constitution, we have the power to deal with special circumstances. We will use our power as the guardian of the Constitution.' After such a court rebuke, there is hope that this matter will be resolved within a time frame. However, this is not the only such case. In the year 2021, the apex court had to give a similar order regarding the suspicious role of the Speaker in the defection in Bengal. This case was related to BJP MLA Mukul Rai. The Speaker was not taking action on his defection. In that case, the Supreme Court had said, 'The Speaker has been given the right in such a case so that he can decide independently, but contrary to expectations, it has become a common practice that such cases are being kept pending for months and years.' The situation is getting so worse not only in the matter of defection and decline in morality, but also in the matter of legal and parliamentary conduct that the dignity of the Constitution and the legislative institution is being hurt day by day. Now the Supreme Court will have to take some steps. Otherwise, its responsibility as the guardian of the Constitution will not be fulfilled as expected. Many people concerned about the current situation want that a high-powered commission be formed by the order of the Supreme Court. It should give concrete suggestions to restore the dignity of parliamentary democracy. There should be a provision for strict punishment for those who hurt the parliamentary and democratic dignity. This has become very necessary, because despite all the efforts of the presiding officers, the legislative institutions are not being run effectively these days. It is natural for the common people to be sad about this. It is seen that in the Parliament and Legislative Assembly, any member stands up and starts speaking whatever he wants. The rule is that before making an allegation against anyone inside the House, the member should obtain prior permission from the presiding officer to speak on it in the light of those allegations. Now this tradition is rarely followed. Due to the live telecast of the proceedings of the House, the information about the allegation becomes public. Later the allegation is removed from the proceedings. There is no benefit from this, because the one who makes the allegation succeeds in his purpose. Due to parliamentary privileges, the person making the allegations also escapes legal clutches. During Arvind Kejriwal's tenure as Chief Minister, the Delhi Assembly was generally not adjourned. Kejriwal used to call a meeting of the House whenever he wanted and make a volley of unsubstantiated allegations against his political opponents. If he had said the same thing outside the House, a defamation case could have been filed against him. Many other anomalies are also harming the image of democratic institutions. The skin of leaders is becoming so thick that despite being involved in serious matters, they are not even showing minimum decency, let alone resigning from their posts. An old case is an example in this matter. This is from the time when Nehru was the Prime Minister. One day in the Lok Sabha, a Congress MP from Bihar called Acharya JB Kriplani a CIA agent. This shocked Acharya ji deeply. He had to be admitted to the hospital. The Prime Minister went to the hospital to see him. When the leader who made the comment was called, his hopes soared with the hope that if Pandit ji is happy with this, he may get a chance to become a minister. He reached Teen Murti Bhavan all dressed up. Nehru ji scolded Acharya ji so much for behaving rudely that his condition worsened. After that incident, that MP kept avoiding coming in front of Nehru ji. Imagine what would have happened to Acharya ji if the proceedings of the Parliament were being telecast live like today? At that time, such incidents were also rare. There was a sense of public shame in politics. The comment on Acharya Kripalani was removed from the proceedings. Therefore, it was not even published in the newspapers. On the contrary, what is the situation today? What was the use of removing from the proceedings what SP's Ramji Lal Suman said about Rana Sanga in the Parliament a few days ago when the world became aware of it. The list of such cases is endless. Some measures have become necessary to control the current situation which is getting out of control. One measure is to ban the live telecast of parliamentary proceedings. Or it can be recorded and telecast after editing. One measure can also be that the things said in the House should be edited and edited. Privileges should be abolished. There should be an option for legal action on such matters. If the legislature and the executive do not take concrete steps to save the dignity of democracy, then the judiciary will have to come forward.

# Trump's tariff wreaks havoc, stock markets around the world are faltering

It is sad to see that America, which should show much more responsibility as the largest economy, is showing extreme irresponsibility. India should be ready to face the ill-effects of Trump's tariff policy because it is difficult to say right now whether a trade agreement will be reached with America. As was feared, the same is happening, the stock markets around the world are faltering due to the tariff war started by US President Donald Trump. Like other countries, the Indian stock market also witnessed a huge decline. This trend may continue in the future as well, but Trump is also refusing to see that his tariff policy is also being opposed on a large scale in America and people there have started buying the goods they need in advance. By arbitrarily imposing import duty on countries around the world, Trump broke the back of the free economy of which America was once the champion. The way Trump has destroyed the world trade system in one go, America will have to suffer its bad consequences along with other countries. Even though Trump is saying that his medicine is working in view of the turmoil in the stock markets around the world, the truth is that his ill-thought-out tariff policy is neither going to reduce America's trade deficit nor will those American industries, which shifted to other countries over time, be re-established. These were shifted because American industrialists found that it is cheaper to produce in other countries than in America. If Trump thinks that now all those goods will be produced in America, which American businessmen import from abroad, then this is just his daydream, because firstly industries are not established overnight and secondly, labour in America is much more expensive. American businessmen invest on a large scale around the world only to earn profits. There is no possibility that they will start setting up industries in America just because Trump says so. Trump is busy justifying his arbitrary decision, but if not him, at least his advisors should understand that the US economy cannot improve immediately. Is it not surprising that his allies are busy taking advantage of the fall in the stock markets? Whatever it may be, Trump's decision has deepened the fear of recession in America. If this fear proves true, then its bad effect will be seen all over the world. It is sad to see that America, which should show much more responsibility as the largest economy, is showing extreme irresponsibility. India should be ready to face the ill-effects of Trump's tariff policy, because right now it is difficult to say that a trade agreement will be reached with America. The way Trump has destroyed the world trade system in one go, America will have to suffer its bad consequences along with other countries. Even though Trump is saying that his medicine is working in view of the turmoil in the stock markets around the world, the truth is that his ill-thought-out tariff policy is neither going to reduce America's trade deficit nor will those American industries, which shifted to other countries over time, be re-established. These were shifted because American industrialists found that it is cheaper to produce in other countries than in America. If Trump thinks that now all those goods will be produced in America, which American businessmen import from abroad, then this is just his daydream, because firstly industries are not established overnight and secondly, labour in America is much more expensive. American businessmen invest on a large scale around the world only to earn profits. There is no possibility that they will start setting up industries in America just because Trump says so. Trump is busy justifying his arbitrary decision, but if not him, at least his advisors should understand that the US economy cannot improve immediately. Is it not surprising that his allies are busy taking advantage of the fall in the stock markets? Whatever it may be, Trump's decision has deepened the fear of recession in America.

# वेव सिनेमा हॉल में फिल्म 'Jaat' देखने पहुंचे जाट समाज के लोग, लगाए नारे...पुलिस फोर्स भी तैनात

मुरादाबाद । सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित वेव सिनेमा हॉल में सनी देओल की फिल्म जाट को



देखने को लिए बड़ी संख्या में जाट समाज के लोग पहुंच रहे हैं। इसी बीच जाट महासभा ने गुरुवार को वेब सिनेमा हॉल के सभी थियेटर बुक करके 500 से अधिक जाट समाज के लोगों को निशुल्क मूवी दिखाई है। सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात है।थिएटर में एंट्री करते समय धक्का-मुक्की देखने को भी मिली, जहां पुलिस के जवानों ने कमान अपने हाथों में लेते हुए सभी दशकों की थिएटर में एंट्री कराई। इस मौके पर जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी को जाट महासभा के लोग अपने कंधे पर उठाकर थिएटर में ले आते हुए नजर आए। सभी लोगों ने जाट समाज ज़िंदाबाद के नारे लगाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि ये समाज के लिए गौरव की बात है। क्योंकि इस फ़िल्म में जाट समाज के साहस पराक्रम को दर्शाया गया है और देश का पूरा जाट समाज उस डायरेक्टर और उन सभी कलाकारों का धन्यवाद करता है, जिन्होंने ये फ़िल्म बनाई है।

# बुलडोजर अपराधियों और भूमाफिया के लिए है, व्यापारियों के लिए नहीं, शहर विधायक ने कार्रवाई को रुकवाने का दिया आश्वासन

मुरादाबाद मुरादाबाद मंडी समिति में प्रशासन की और से पक्के निर्माण गिराने की कार्रवाई को लेकर गुरुवार को शहर विधायक रितेश गुप्ता मंडी मनाड़ी समिति आढ़तियों के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने कार्रवाई को रोकने का आश्वासन देते हुए कहा, बुलडोजर अपराधियों और भूमाफिया के लिए है, व्यापारियों के लिए नहीं है। मंडी प्रशासन पहले आढ़तियों के बैठने की व्यवस्था करें, उसके बाद पक्के निर्माण गिराने की बात पर विचार किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में जिला अधिकारी अनुज सिंह से वार्ता कर इस कार्रवाई पर तत्काल रुकवाने का मंडी आढ़तियों को आश्वासन दिया है।



# दिल्ली-मुरादाबाद रूट पर थमी ट्रेनों की रफ्तार, राजधानी समेत कई ट्रेनें डायवर्ट

हकीमपुर-कैलसा, अमरोहा व काफूरपुर सेक्शन में अंडरपास निर्माण के चलते लिया मेगा ब्लाक

मुरादाबाद ।रादाबाद रेल मंडल के हकीमपुर-कैलसा और अमरोहा -काफूरपुर सेक्शन में अंडरपास निर्माण के चलते रेलवे प्रशासन ने 10, 14 और 17 अप्रैल को आठ घंटे का मेगा ब्लॉक लिया है। जिसके चलते मुरादाबाद-दिल्ली रूट पर ट्रेनों की रफ्तार थम जाएगी और सामान्यत: ढाई-तीन घंटे में पूरा होने वाला सफर छह से सात घंटे में तय होगा। मेगा ब्लाक के चलते रेलवे ने राजधानी समेत कई ट्रेनों को डायवर्ट किया है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद-गाजियाबाद डबल लाइन पर 10 अप्रैल को हकीमपुर-कैलसा के बीच फाटक 12 सी पर अंडर पास बनेगा। जिसके लिए रेलवे ने आठ घंटे का मेगा ब्लॉक लिया है। इसके अलावा 14 व 17 अप्रैल को भी अमरोहा-काफूरपुर के बीच अप व डाउन लाइन पर लेवल क्रासिंग पर अलग अलग दिनों में अंडरपास बनाने का काम किया जाएगा। जिसके लिए सात-सात घंटे का ब्लॉक मंजूर हुआ है। ब्लॉक से मुरादाबाद-दिल्ली के बीच तीन दिन डिब्रूगढ़ राजधानी, श्रमजीवी, डबल डेकर समेत नौ ट्रेनें ट्रेनें गाजियाबाद, टपरी से होकर गुजरेंगी। जबकि काशी समेत नौ ट्रेनें नई दिल्ली, आनंद विहार से तीन घंटे की देरी से चलेंगी। अलीगढ़-गजरौला पैसेंजर ट्रेन मुरादाबाद से गजरौला तक रद्द रहेगी। इसके अलावा पूर्णागिरी एक्सप्रेस को 17 अप्रैल को बीच रास्ते एक घंटा रोककर संचालित किया जाएगा। वहीं तीन दिन के मेगा ब्लॉक में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवध असम, श्रमजीवी समेत दिल्ली रूट की तमाम ट्रेनें पहले से ही पैक रहती है। अब ट्रेनों के डायवर्ट होकर चलने से दिल्ली की दूरी बढ़ जाएगी। अमूमन ढाई से तीन घंटे का समय छह से सात घंटे के बीच पूरा होने की संभावना है। ट्रेन पहले टपरी से गाजियाबाद फिर नई दिल्ली व आनंद विहार जाएगी। गाजियाबाद, टपरी होकर जाने वाली ट्रेनें अवध-असम (15910-09), श्रमजीवी एक्सप्रेस (12392), काठगोदाम संपर्कक्रांति (15036) व डबल डेकर (12583) गाजियाबाद, कानपुर- लखनऊ होकर जाने वाली ट्रेनें डिब्रूगढ़ राजधानी एक्स. (20503-04), डिब्रूगढ़ राजधानी एक्स. (20506), आनंद विहार-दानापुर (13258) देरी से चलने वाली ट्रेनें- गुरुवार 10 अप्रैल को काशी विश्वनाथ नई दिल्ली से तीन घंटे, श्रमजीवी एक्सप्रेस नई दिल्ली से डेढ़ घंटा, मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति आनंद विहार से एक घंटा, डबल डेकर आनंद विहार से डेढ़ घंटा, आनंद विहार-लालकुंआ एक्सप्रेस आनंद विहार से एक घंटा देरी से चलेगी। जबकि दानापुर एक्सप्रेस आनंद विहार से 14 अप्रैल को डेढ़ घंटा व सहरसा-आनंद विहार एक्सप्रेस सहरसा से 9 व 16 अप्रैल को तीन घंटे देरी से चलेगी। हरिद्वार भावनगर एक्सप्रेस के छह फेरें रद-उत्तर पश्चिम रेलवे में बीकानेर मंडल में मोलीसर व चुरु स्टेशन के बीच इंटरलॉकिंग का काम होने से मुरादाबाद की ट्रेनों पर भी असर पड़ेगा। बीकानेर-सादुलपुर जंक्शन के बीच रेललाइन डबलिंग से हरिद्वार-भावनगर एक्सप्रेस (19271-72) ट्रेन छह दिन तक संचालन थमेगा। ट्रेन 8 मई से 28 मई तक अलग अलग छह दिन रद्द रहेगी। इसी तरह भगत की कोठी से कामाख्या-15623-24 ट्रेन दो दिन रूट बदलकर चलेंगी। हावड़ा-बीकानेर-12371-72 भी अलग अलग पांच दिन बदले रूट से चलेगी।




# दिन निकलते ही मारा छापा, फिर भी भाग निकला साइबर ठग, 117 करोड़ की चल रही जांच

मुरादाबाद सीबीआई ने 117 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में अब्दुल्लापुर गांव में दबिश दी लेकिन मुख्य आरोपी फरार हो गया। टीम ने आरोपी के पिता समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर गांव के पांच घरों की तलाशी ली। दुबई से ऑपरेट हो रही गैंग पार्ट टाइम जॉब के बहाने स्थानीय युवकों से खाते मंगवाकर ठगी कर रही थी। करीब 117 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने 100 लोगों की टीम के साथ बुधवार सुबह ही अब्दुल्लापुर गांव को घेर लिया। टीम गांव में रहने वाले साइबर ठग और उसके साथियों की तलाश में जुट गई, लेकिन मौका पाकर साइबर ठग भाग निकला।पुलिस ने साइबर ठग के पिता और दो अन्य युवकों को हिरासत में लेकर सात घंटे तक गांव के पांच घरों में पड़ताल की। इस दौरान टीम ने गांव में किसी को नहीं आने दिया। एक जनवरी 2023 से 17 अक्तूबर 2023 के बीच नेशनल अपराध क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर 2903 शिकायतें दर्ज हुई थीं।जिसमें 117 करोड़ रुपये की साइबर ठगी किए जाने की बात सामने आई थी। गृह मंत्रालय की ओर से सीबीआई को इस मामले की जांच सौंपी गई थी। इस मामले में जांच करते हुए टीम को मुरादाबाद के अब्दुल्लापुर निवासी तीन युवकों के बारे में जानकारी मिली। जांच में पता चला है कि दुबई में बैठे साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर इन लोगों को अपने साथ जोड़ लिया था। इसके अलावा इनके जरिये ही लोगों के खाते हासिल किए गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

# सीबीआई के रडार पर जिले के 10 से ज्यादा लोग, जल्द ही टीम करेगी संदेह के घेर में आए लोगों की धरपकड़

मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर में सीबीआई टीम की छापेमारी से जिले में हड़कंप मचा रहा। सीबीआई के रडार पर लगभग 10 से ज्यादा लोग बुधवार को भूमिगत रहे। माना जा रहा है कि जल्द ही सीबीआई की टीम संदेह के घेरे में आए लोगों की धरपकड़ की कार्रवाई करेगी। बुधवार सुबह कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर में सीबीआई की टीम ने भारी पुलिस बल और बैंक अधिकारियों के साथ तीन युवकों के घरों पर छापा मारा। लगभग आठ घंटे तक छापेमारी की कार्रवाई की गई। शुरुआत में गांव के लोग किसी अनहोनी की आशंका में घिर गए। चर्चाओं का भी बाजार गर्म रहा। आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों को अपने-अपने घरों को जाने की हिदायत दी। बाद में उन्हें पता चला कि फर्जी बैंक खातों से सरकारी धान बेचकर उसकी एवज में मिले धन को निकालने का निकला। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वहीं दूसरी ओर कुंदरकी में सीबीआई टीम की छापेमारी की सूचना पुलिस अधिकारी भी दबाए रहे। देर रात एसएसपी ने पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार जिले का एक युवक इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड हो सकता है। उसने ही जिले के ही महमूदपुर माफी गांव निवासी एक व्यक्ति को भरोसे में लेकर उसे सरकारी धान बेचकर फर्जी खातों के जरिए रुपए निकाले जाने की बात कही। उसने कहा कि इसके लिए लोगों के बैंक खाते खुलवाने होंगे, जिससे धान बेचकर पैसे ट्रांसफर किए जा सकें। वहीं सूत्रों की माने तो फर्जीवाड़े को अंजाम देने में 20 खातों का इस्तेमाल किया गया। सीबीआई पूछताछ के लिए उन्हें जल्द बुला सकती है। सूत्रों का कहना है कि यह फर्जीवाड़ा मुरादाबाद और संभल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मंडल के अलावा भी कई अन्य राज्यों और जनपदों में फैला है।




# मासूम से गलत काम करने वाले की पिटाई से टूटी हड्डियां, शरीर पर मिले चोट के 15 निशान

मुरादाबाद मासूम के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी की पिटाई के कारण हाथ-पैर की हड्डियां टूट गई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस क्षेत्र में पांच वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के आरोपी गार्ड सत्यवीर सिंह का पुलिस का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया। जांच रिपोर्ट से पता चला कि लोगों द्वारा की गई पिटाई से उसके हाथ और पैर की हड्डियां टूट गईं।शरीर पर 15 जगह चोट के निशान मिले। बुधवार शाम पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। सिविल लाइंस क्षेत्र में चाय का खोखा लगाने वाले व्यक्ति का परिवार रेलवे क्वार्टर में रहता है। उसकी पत्नी दूसरों के घरों में झाड़ू पोछा करती हैं।उसके खोखे पर मझोला क्षेत्र के नया गांव निवासी सत्यवीर सिंह चाय पीने आता था। बच्ची के पिता ने बताया कि एक अप्रैल को वह चाय के खोखे पर था। उसकी पत्नी झाड़ू पोछा करने गई थी। घर में उसका सात वर्षीय बेटा, पांच वर्षीय बेटी अपनी नानी के साथ मौजूद थे। इसी दौरान आरोपी सत्यवीर सिंह उसके घर पहुंचा और उसकी पांच वर्षीय बेटी को मकान के पास ही खंडहर में ले जाकर दुष्कर्म किया। मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे बच्ची के मां-बाप और नानी को पता चला कि आरोपी जैन मंदिर के पास एक निर्यातक के घर गार्ड की नौकरी कर रहा है। इसी दौरान लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपी को पकड़ लिया था। इसके बाद महिलाओं ने आरोपी के मुंह पर कालिख पोत दी थी। महिलाएं उसे चप्पलों-बेल्टों से पीटते हुए थाने ले गईं और पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल कराया। डॉक्टरों ने एक्सरे और चेकअप के बाद बताया कि सत्यवीर के हाथ और पैर की हड्डियों में फ्रैक्चर हो गया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# रोज 250 मरीज.. सबका बीपी आराम से चेक करेंगे तो हो गया काम, जिला अस्पताल कर्मी का बेतुका जवाब

मुरादाबाद मुरादाबाद के जिला अस्पताल में बीपी जांच में भारी लापरवाही सामने आई है। स्वास्थ्यकर्मी बिना स्टेथोस्कोप और सही विधि के मनमानी रीडिंग पर्चे पर लिख रहे हैं। इससे मरीजों को बिना जरूरत के हाइपरटेंशन की दवा खानी पड़ रही है। कानून गोयान जिला अस्पताल पहुंचीं। उनका पथरी का ऑपरेशन होना है। पहुंचीं। स्टाफ ने जल्दबाजी में जांचकर उनका बीपी 180/100 स्टेथोस्कोप लगाकर पारे वाली मशीन से दोबारा जांच की तो सही कहा कि 250 मरीज रोज आते हैं। सबका बीपी आराम से चेक तमाम मरीज हैं जो जिला अस्पताल के स्टाफ की लापरवाही के अस्पताल में बीपी की छोटी सी जांच में स्टाफ की ओर से बड़ी का बीपी ठीक से चेक करने की बजाय सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। बार पारे का प्रेशर दबाकर बीपी की मनगढ़ंत रीडिंग मरीजों के पर्चे दवा खानी पड़ रही है। बुधवार को जिला अस्पताल में ऐसे तीन पर लिख दिया। लाइनपार निवासी 74 वर्षीय दयावती व करूला




निवासी 54 वर्षीय हीरा देवी बुधवार को सर्जन को दिखाने डॉक्टर की सलाह पर वह बीपी व शुगर की जांच कराने बताया।मरीज के बेटे विक्रांत के संदेह जताने पर स्टाफ ने माप 145/78 आई। विक्रांत ने शिकायत की तो स्वास्थ्यकर्मी ने करेंगे तो हो गया काम।हीरा देवी सिर्फ एक उदाहरण हैं। ऐसे कारण बिना वजह हाइपरटेंशन की दवा खा रहे हैं। जिला लापरवाही की जा रही है। जल्दबाजी में स्वास्थ्यकर्मी मरीजों बिना स्टेथोस्कोप लगाए सिर्फ पट्टी हाथ पर बांधकर और दो पर लिख देते हैं। इससे बिना वजह लोगों को हाइपरटेंशन की केस आए, जहां स्टाफ ने हड़बड़ी में जांच कर गलत बीपी पर्चे निवासी इरफान अहमद के बीपी की रीडिंग भी स्टाफ ने गलत लिखी। मरीजों के परिजनों ने काफी बहस के बाद दोबारा सही ढंग से बीपी चेक कराया तब भी स्टाफ ने गलती नहीं मानी। डॉक्टर भी नहीं करते क्रॉस चेक, लिख देते हैं दवा जिला अस्पताल में डॉक्टर भी स्टाफ की लिखी रीडिंग पर भरोसा करके मरीज के पर्चे पर दवा लिख देते हैं। मरीज के बीपी को खुद क्रास चेक नहीं करते। इसके कारण स्टाफ द्वारा लापरवाही के मामले बढ़ते जा रहे हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि लगातार बीपी की दवा बिना वजह खाने से दिल की धड़कन धीमी हो सकती है। बीपी ज्यादा कम होने पर आईवी फ्लूड चढ़ाना पड़ सकता है। मरीजों में दवा का दुष्प्रभाव उसके प्रकार पर निर्भर करेगा, जितने लंबे समय बिना वजह दवा खाई, उतनी ही परेशानी बढ़ जाएगी। बिना स्टेथोस्कोप के पारे वाली मशीन से नहीं हो सकती जांच -बिना स्टेथोस्कोप का प्रयोग करे पारे वाली मशीन से बीपी की जांच करना संभव नहीं है। यदि स्टाफ किसी मरीज का बीपी पर्चे पर बढ़ा हुआ लिखते हैं तो डॉक्टर को एक बार क्रॉस चेक जरूर करना चाहिए। बीपी की दवा बिना वजह लगातार खाने से दिल पर बुरा असर पड़ सकता है। - डॉ. विजय अग्रवाल, वरिष्ठ फिजीशियन बिना वजह दवा खाने से बीपी बहुत अधिक गिर सकता है। मरीज को आईवी फ्लूड चढ़ाना पड़ सकता है। दिल की धड़कन धीमी हो सकती है। चक्कर, बेहोशी महसूस हो सकती है। आज के दौर में भी पारे वाली मशीन पर ही हम भरोसा करते हैं, बशर्ते स्टेथोस्कोप का प्रयोग कर सही रीडिंग ली गई हो। - डॉ. मोनिस जलील, फिजीशियन स्टाफ की लापरवाही का मामला संज्ञान में आया है। मॉनिटरिंग कक्ष में तैनात स्टाफ सीएमओ के अधीन है। पत्र लिखकर शिकायत की जा चुकी है। जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टरों को भी निर्देश दिए जाएंगे कि मरीजों का बीपी एक बार क्रॉस चेक जरूर करें। - डॉ. संगीता गुप्ता, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## भाजपा का गांव चलो... गली चलो, वार्ड चलो अभियान शुरू; इसके जरिये जन-जन तक पहुंच रही बीजेपी

यूपी में भाजपा का गांव चलो, गली चलो, वार्ड चलो अभियान शुरू हो गया है। इसके जरिये बीजेपी जन-जन तक पहुंच बना रही है। पहले दिन प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य सहित कई नेताओं ने लोगों से संवाद किया।उत्तर प्रदेश में भाजपा स्थापना दिवस अभियान के तहत बृहस्पतिवार से भाजपा का गांव चलो, गली चलो, वार्ड चलो अभियान शुरू हो गया। इसके जरिये पार्टी जन-जन तक पहुंच बना रही है। अभियान के पहले दिन प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने लखनऊ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कानपुर में लोगों से संवाद किया। इसके अलावा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ महानगर तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बाराबंकी में जनसंपर्क कर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में संवाद किया। अभियान के तहत राज्य सरकार के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी, सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता भी हर घर पर दस्तक दे रहे हैं। सभी लोग पार्टी की विचारधारा के साथ केंद्र व राज्य सरकार का लेखा-जोखा जनता के सामने रख रहे हैं। अभियान के प्रदेश संयोजक संजय राय ने बताया कि शुक्रवार को राकेश राठौर गुरु सीतापुर में अभियान में शामिल होंगे। इसी तरह अन्य नेता व मंत्री विभिन्न स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



## सीसीटीवी में दिखा कुछ ऐसा...क्षेत्र में फैली दहशत, घरों में कैद बच्चे और महिलाएं; लोग कर रहे ये तैयारी

सड़कों पर घूमता मगरमच्छ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। क्षेत्र में दहशत फैल गई। महिलाएं और बच्चों को घर से न निकलने के लिए बोल दिया। मगरमच्छ की तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा।मैनपुरी के कस्बा घिरोर के मोहल्ला डालगंज के लोग रात के समय सीसीटीवी में मगरमच्छ दिखने के बाद दहशत में हैं। स्थानीय लोग बच्चों की सुरक्षा को लेकर डरे हुए हैं। वन विभाग को भी इस बारे में सूचना देकर मगरमच्छ पकड़ने की मांग की है।मोहल्ला डालगंज अग्रवाल मेडीकल के सामने वाली गली में बुधवार की देर शाम एक मगरमच्छ घूम रहा था। मगरमच्छ गली में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। इस बीच सीसीटीवी में मगरमच्छ दिखने की बात कुछ ही देर में पूरे मोहल्ले में फैल गई। लोगों ने एकत्र होकर गली, नाली आदि स्थान पर देखा, मगर मगरमच्छ कहीं भी दिखाई नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले ही वन विभाग की टीम गोल चक्कर नहर पुल के पास से एक मगरमच्छ को पकड़ कर चंबल नदी में छोड़ कर आई है। मोहल्ले के लोग बच्चों की सुरक्षा को लेकर फिक्रमंद हैं। छोटे बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर मगरमच्छ अभी भी कहीं छिपा हुआ तो किसी बच्चे पर हमला कर सकता है। लोगों ने मगरमच्छ के बारे में वन विभाग को सूचना दी है। मोहल्ला डालगंज में मगरमच्छ के खौफ के चलते जहां बच्चे और महिलाएं घर में कैद होकर रह गई हैं। वहीं ग्रामीण किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयारी कर रहे हैं।



## डिप्टी सीएम ने साधा निशाना, बोले- सपा मुखिया हताश-निराश, भाजपा सरकार विकास के नए कीर्तिमान कर रही स्थापित

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार में हुए अवैध कब्जों की जिलेवार सूची तैयार की गई है। भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान के तहत महानगर आए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के दौरान पिछड़ों और दलितों की जमीनों पर सबसे ज्यादा कब्जे समाजवादी पार्टी के नेताओं ने ही किए है। अवैध कब्जों की जिलेवार सूची तैयार कर ली गई है। सपा के नेता इस बात को जान लें कि उनके कारनामे अब छुपे नहीं रहेंगे।उन्होंने पीडीए को छलावा बताया और तंज किया कि सपा अब समाप्तवादी पार्टी हो चुकी है।गुरुवार को उप मुख्यमंत्री मौर्य ने भाजपा दक्षिण जिले में बर्रा मंडल के वार्ड 65 दामोदरनगर में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा आज देश के कोने-कोने में सरकार बनाकर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी, तब भी यह कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत थी। फिर सपा के मुद्दे पर आए और कहा कि सपा मुखिया हताश और निराश हैं। वह बेकार की बयानबाजी कर रहे हैं। सपा वर्ष 2012 से वर्ष 2017 तक सत्ता में थी। तब सबसे अधिक अत्याचार दलितों और पिछड़ों पर ही हुए।वक्फ संशोधन बिल पर कहा कि इस बिल से सबसे अधिक परेशानी समाजवादी पार्टी को ही है। सपा और कांग्रेस जैसे दल इस संवैधानिक कानून को असंवैधानिक बताने का असफल प्रयास कर रहे हैं। बैठक के अंत में गांव चलो अभियान के अंतर्गत आगामी रणनीति पर भी चर्चा की गई। इसके बाद वार्ड 93 में लाभार्थियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस पार्टी ने गरीबों,पिछड़े और दलितों के नाम पर गुमराह कर उनका वोट तो लिया। भ्रष्टाचार से भरा गया धन बाहर लाया जा रहा है। सपा, बसपा और कांग्रेस नेताओ के घरों पर छापेमारी होने से भ्रष्टाचारी नेता परेशान हैं। सपा,बसपा,कांग्रेस सरकार की तस्वीर देखें और वर्ष 2025 की तस्वीर देखें तो अंतर खुद समझ आजाएगा। कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया।बिना भेदभाव सभी को योजनाओं का लाभ उप मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि डबल इंजन की सरकार में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी जाति, वर्ग और समुदाय के लोगों को मिल रहा है। वर्ष 2027 में वर्ष 2017 को दोहराएंगे। प्रदेश की जनता ने समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाने का मन बना लिया है। प्रदेश में गुंडागर्दी को वापस नहीं आने देंगे। समाजवादी पार्टी के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट एजेंसी है। सपा पिछड़ा ,दलित,अल्पसंख्यक की बात करने का अधिकार खो चुकी है। वर्ष 2017 में पिछड़ों और दलितों की बदौलत प्रदेश में सपा की सरकार बनी थी। लेकिन पिछड़ों और दलितों के ऊपर सबसे अधिक अत्याचार किए गए।लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान वार्ड 92 किदवईनगर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लोकतंत्र सेनानी पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव शुक्ल, राजेंद्र त्रिपाठी, अशोक वर्मा, संतराम, इंद्रपाल भारती को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद रमेश अवस्थी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, कैबिनेट मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक महेश त्रिवेदी, एमएलसी अरुण पाठक, स्वप्निल वरुण, सत्यदेव पचौरी, सुरेश अवस्थी ,अनूप अवस्थी, रघुनंदन भदौरिया आदि मौजूद रहे।




## मेरठ का शादाब हत्याकांड-बाइक के विवाद में दोस्त ने की थी सिर में ईंट मारकर हत्या, ऐसे हुआ खुलासा...

बिजली बंबा बाईपास के पास 19 मार्च को एक युवक का शव पड़ा मिला था। उसकी पहचान किठौर के गांव राधना इनायतपुर निवासी शादाब (24) के रूप में हुई। गाजियाबाद निवासी दोस्त यश सैनी ने ही उसकी हत्या की थी। लोहियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली बंबा बाईपास के पास 19 मार्च को मिले शव की पहचान किठौर थाना क्षेत्र के गांव राधना इनायतपुर निवासी शादाब (24) पुत्र मुवस्सिर अली के रूप में हुई है। बाइक के विवाद में गाजियाबाद के सिहानी चुंगी कृष्णानगर निवासी दोस्त यश सैनी ने सिर में ईंट मारकर उसकी हत्या की थी। मृतक के भाई सबाहत ने शव की पहचान की। पुलिस ने बृहस्पतिवार को हत्यारोपी यश सैनी को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह और सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता में बताया कि बिजली बंबा बाईपास पर 19 मार्च की सुबह एक युवक का शव मिला था, जिसकी ईंट से सिर और चेहरा कुचल कर हत्या की गई थी। चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह की ओर से लोहियानगर थाने पर अज्ञात आरोपियों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तीन दिन इंतजार के बाद पुलिस ने लावारिस में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद दफना दिया था। तभी से पुलिस जांच में लगी थी।भाई के फोटो से पहचान करने पर हुआ खुलासा लोहियानगर पुलिस ने पूरे इलाके में शव के फोटो समेत पैम्फ्लेट बनवा कर चस्पा करा रखे थे। मंगलवार को हापुड़ रोड 44वीं वाहिनी पीएसी के पीछे जमनानगर में रहने वाले सबाहत ने शव के फोटो देखकर मृतक की पहचान अपने भाई शादाब के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने गहन पूछताछ और जांच के उपरांत गाजियाबाद से यश सैनी को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से मृतक का मोबाइल फोन और आधार कार्ड भी बरामद कर लिया। मृतक शादाब शादीशुदा था, उसकी पत्नी काफी समय से मायके में रह रही है। शादाब शराब पीने का आदी था। वह कई-कई दिनों तक परिजनों से संपर्क नहीं करता था, इसलिए उसकी हत्या के बाद परिजनों ने भी कोई ध्यान नहीं दिया। कई दिनों बाद जब शादाब से संपर्क नहीं हुआ तो परिजनों ने यश सैनी से जानकारी ली, मगर यश सैनी ने उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। शराब पीने के दौरान कहासुनी होने पर की हत्या-एसपी सिटी के अनुसार यश सैनी और शादाब गाजियाबाद में छत के पंखे बनाने वाली फैक्टरी में काम करते थे। एक साल पहले शादाब ने यश सैनी की बाइक मांगकर अपने भाई सबाहत को दे दी थी। अब यश सैनी रोजाना अपनी बाइक मांग रहा था, जबकि पुराने हिसाब को लेकर सबाहत बाइक नहीं दे रहा था। 18 मार्च को यश सैनी और शादाब रैपिड ट्रेन नमो भारत से गाजियाबाद से परतापुर पहुंचे। इसके बाद दोनों बाइक लेने सबाहत के घर जमनानगर गए, मगर सबाहत ने बाइक देने से साफ इंकार कर दिया। एसपी सिटी ने बताया कि देर रात दोनों वापस आ रहे थे। बिजली बंबा बाईपास पर देशी ठेके से शराब ली। इसके बाद दोनों ने वहां खाली पड़े प्लाट में बैठकर शराब पी। शादाब को ज्यादा नशा हो गया, बाइक को लेकर फिर से कहासुनी हो गई। शादाब ने यश सैनी को तमाचा मार दिया। उसने भी तमाचा मारा तो शादाब ने ईंट उठा कर यश सैनी के चेहरे पर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। जवाब में यश सैनी ने ईंट से शादाब के चेहरे और सिर पर कई प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। उसका मोबाइल और आधार कार्ड यश ने एक जगह गड्ढा खोद कर छिपा दिया, ताकि शादाब की पहचान न हो सके। इसके बाद वह ई रिक्शा में बैठकर सरकारी अस्पताल गया, वहां पर अपना इलाज कराया। देर रात वह गाजियाबाद चला गया।



### संक्षिप्त समाचार

## साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति का पैसा पुलिस ने कराया वापस

क्यूँ न लिखूँ सच -वीरेंद्र कुमार वर्मा

